# कोविड-19 महामारी के दौरान ब्रैम्पटन में रिमेम्बर्स डे 2020

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (30 अक्तूबर, 2020) – इस वर्ष, रिमेम्बर्स डे (Remembrance Day), बुधवार, 11 नवंबर को है।

फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Fire and Emergency Services), ट्रैफिक सर्विसिज (Traffic Services), बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-Law Enforcement), रोड ऑपरेशंस (Road Operations), और सिक्योरिटी सर्विसिज (Security Services) सहित, सभी महत्वपूर्ण सेवाएं, हमारे समुदाय की मदद के लिए पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

किसी भी सवालों के लिए निवासी, 311 पर या 905.874.2000 (ब्रैम्पटन के बाहर से) पर फोन कर सकते हैं, ब्रैम्पटन 311 (Brampton 311) ऐप (जो ऐप स्टोर (App Store) या Google Play (गूगल प्ले) पर उपलब्ध है) का उपयोग कर सकते हैं, www.311brampton.ca पर जा सकते हैं या 311@brampton.ca पर ईमेल कर सकते हैं। हम सिटी ऑफ ब्रैम्पटन या रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के किसी भी मुद्दों के लिए, 24/7 उपलब्ध हैं। इन मुद्दों में शामिल हैं, कोविड-19 (COVID-19) से संबंधित सवाल, जैसे मास्क पहनना, और केवल तय मुलाकात के द्वारा ही, सिटी की चुनिंदा फैसिलिटीज के सुरक्षित रूप से दुबारा खुलने के बारे में सवाल। अधिक जानकारी के लिए www.brampton.ca/covid19 पर जाएं।

**रिमेम्बर्स डे 2020 – ऑनलाइन सेवा**

कोविड-19 (COVID-19) को फैलने से रोकने के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, रॉयल कैनेडियन लीजन (Royal Canadian Legion) की ब्रांच 15 और 609 के साथ, 11 नवंबर को रिमेम्बर्स डे 2020 ऑनलाइन मनाएगी। इस वर्ष कोई व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं होंगे।

ब्रैम्पटन में युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिकों (Veterans of War) के साथ ही उन्हें, जिन्होंने अंतिम कुर्बानी की, सिटी के *ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स (Brampton Remembers)* वेबपेज पर सम्मानित किया जाएगा, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की सभी फैसिलिटीज पर झंडे आधे-झुके हुए होंगे।

वेबपेज को, 11 नवंबर को सुबह 10:55 बजे लाइव किया जाएगा, जिसमें मूमेंट ऑफ साइलेंस (Moment of Silence) और प्लेसिंग ऑफ रेथ्स (Placing of Wreaths) सहित, आभासी (वर्चुअल) सेवा और ब्रैम्पटन के सेवानिवृत्त सैनिकों के वीडियो संदेश पेश किए जाएंगे, जिनमें वे बताते हैं कि रिमेम्बर्स डे का उनके लिए क्या अर्थ है।

**ब्रैम्पटन ट्रांज़िट**

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit) रिमेम्ब्स डे को नियमित कार्यदिवस वाले शेड्यूल पर काम करेगा। कृपया सफर करने से पहले शेड्यूल देखें।

लड़ाई लड़ने वाले सेवानिवृत्त सैनिक रिमेम्बर्स डे को ब्रैम्पटन ट्रांज़िट में मुफ्त सफर करेंगे। सेवानिवृत्त सैनिक को ब्रैम्पटन के "वॉर वेटर्न पास" ("War Veteran Pass") या इन चीज़ों में से कुछ को पेश करने पर पहचाना जा सकता है: मैडल, टोपियां,

वर्दी, ब्लेज़र, पहचान के अन्य साधन।

संपर्क केंद्र (Contact Centre) खुला है और सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक, 905.874.2999 पर सहायता के लिए उपलब्ध है।

ब्रैमली (Bramalea), ब्रैम्पटन गेटवे (Brampton Gateway) और डाउनटाउन (Downtown) टर्मिनल्स में टर्मिनल की बिल्डिंग का समय, सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक है। ट्रिनिटी कॉमन (Trinity Common) टर्मिनल बंद रहेगा। ग्राहक सेवा (Customer Service) काउंटर खुले हैं और आपकी सहायता के लिए उपलब्ध हैं, समय जानने के लिए, www.bramptontransit.com पर जाएं।

जिन्होंने युद्ध, लड़ाई और शांति के समय के दौरान, कैनेडा को सेवा दी और लगातार सेवा दे रहे हैं, उनके सम्मान और याद में, रिमेम्बर्स डे को सुबह 11 बजे मौन धारण किया जाएगा। इस सम्मान के दौरान, सभी बसें निकटतम सुरक्षित जगह पर रुक जाएंगी।

अधिक बार सफाई और सैनिटाइज़ करने का शेड्यूल पहले की तरह ही प्रभावी रहेगा। हर 48 घंटों में सभी ठोस सतहों, ऑपरेटर कम्पार्टमेंट्स और सीटों को रोगाणु मुक्त करना, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट का लक्ष्य है। इस समय अधिकतर बसों को हर 24 घंटों में सैनिटाइज़ किया जा रहा है। जिन फैसिलिटीज और टर्मिनल्स की ठोस सतहें हैं, उन्हें रोज़ाना पोंछा जा रहा है और सैनिटाइज़ किया जा रहा है।

सिटी का, सवारियों से अनुरोध है कि वे जितना अधिक से अधिक संभव हो सके, मास्क पहनकर भी, बसों में, टर्मिनल्स पर और बस स्टॉप्स पर लगातार शारीरिक दूरी कायम रखें। सवारियों को यह भी याद दिलाया जाता है कि वे सफर करते समय हैंड सैनिटाइज़र या वाइप्स जैसे खुद के रोगाणु नाशक पदार्थ साथ में रखें, बार-बार अपने हाथ धोएं और खांसते या छींकते समय मुंह को अपनी कोहनी से ढक लें। यदि आप बीमार हैं, तो कृपया ट्रांज़िट पर सफर करने से परहेज करें, अपनी निकटतम कोविड-19 असेस्मेंट साइट पर टेस्ट करवाएं और पब्लिक हेल्थ के निर्देशों का पालन करें।

पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) की सलाह से, सवारियों को याद दिलाया जाता है कि बसों पर और टर्मिनल्स पर, आपके नाक, मुंह और ठोड़ी को ढकने वाले गैर-मेडिकल मास्क (कपड़े के बने साधारण मास्क) जरूरी हैं। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, जोखिमों का लगातार निरीक्षण करने के लिए पील पब्लिक हेल्थ और ब्रैम्पटन एमरजेंसी मैनेजमेंट ऑफिस (Brampton Emergency Management Office) में अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है।

नियमित अपडेट्स के लिए www.brampton.ca/covid19 पर जाएं और सेवा अपडेट्स के लिए bramptontransit.com पर जाएं अथवा Twitter पर @bramptontransit को फॉलो करें। सवाल सीधे ब्रैम्पटन ट्रांज़िट के संपर्क केंद्र से 905.874.2999 पर पूछे जा सकते हैं।

**ब्रैम्पटन रेक्रिएशन**

चुनिंदा रेक्रिएशन सेंटर (Recreation Centres) पहले से आरक्षित की मुलाकातों के लिए खुले रहेंगे। रेक्रिएशन संबंधी सभी प्रोग्रामों और सेवाओं के बारे में और जानकारी के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

एक ऑनलाइन ट्यूटोरियल के साथ घर पर रहते हुए ही सक्रिय और जुड़े रहना जारी रखें। पूरे शरीर की एक्सरसाइज करने का प्रयास करें, सीखें कि ओरिगैमी हार्ट कैसे बनाते हैं, अपने सुंदर लिखावट (कैलिग्राफी) कौशलों का अभ्यास करें! www.brampton.ca/recathome पर कई प्रकार की रेक एट होम (Rec at Home) गतिविधियों तक पहुंच प्राप्त करें।

**ब्रैम्पटन लाइब्रेरी**

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी (Brampton Library) की ब्रांचें बंद हैं और बुधवार, 11 नवंबर को, पगडंडी के किनारे से वस्तुएं लेना (Curbside Pickup) उपलब्ध नहीं है। अपने ब्रैम्पटन लाइब्रेरी (Brampton Library) कार्ड नंबर और पिन (PIN) से, मुफ्त ई-बुक्स और ई-ऑडियोबुक्स, मनोरंजन स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन प्रशिक्षण और मुफ्त में डिजीटल लाइब्रेरी (Digital Library) में और बहुत कुछ देखें। अपने खाते में सहायता के लिए या एक ऑनलाइन लाइब्रेरी कार्ड प्राप्त करने के लिए यहां क्लिक करें (Click here to get an online library card)। हर उम्र के व्यक्तियों के लिए दिए गए आभासी (वर्चुअल) प्रोग्रामों में हिस्सा लें। ब्रैम्पटन लाइब्रेरी के ईमेल अपडेट्स के लिए सब्स्क्राइब करके (subscribing to Brampton Library email updates) संपर्क में रहें और Facebook, Twitter तथा Instagram @bramptonlibrary पर, हमसे जुड़ें।

**ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज**

ब्रैम्पटन एनिमल शेल्टर (Brampton Animal Shelter), रिमेम्बर्स डे को बंद रहेगा।

एनिमल कंट्रोल (Animal Control), सोमवार से शुक्रवार, सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक और शनिवार तथा रविवार और छुट्टियों वाले दिनों को, सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक चालू रहेगा। वे केवल नीचे दिए कामों से संबंधित कॉल्स का ही जवाब देंगे:

- बीमार/ज़ख्मी/हिंसक घरेलू जानवर या जंगली जानवर का पिक अप
- हिंसक जानवर
- घर से बाहर निकले कुत्ते को बचाना
- कुत्ते के काटने की जांच
- बांधकर रखे आवारा कुत्तों का पिक अप
- मरे हुए जानवरों का पिक अप

इन घंटों के बाद, एनिमल कंट्रोल केवल एमरजेंसी कॉल्स का ही जवाब देगा।

**रिमेम्बर्स डे के लिए पील पब्लिक हेल्थ के रिमाइंडर**

रिमेम्बर्स डे, कैनेडा के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सम्मान है। महामारी के दौरान इस दिन को सुरक्षित रूप से मनाने के लिए, पील पब्लिक हेल्थ और ओनटैरियो मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ (Ontario Ministry of Health), यादगार कार्यक्रम में आभासी (वर्चुअल) तौर पर शामिल होने की सलाह देती है।

यदि आप पॉपीज बेचते हैं, तो सुरक्षित तरीका यह है कि इन्हें बिना स्टाफ के बॉक्सों में बेचा जाए (उदाहरण के लिए, चेकआउट्स या एंट्रीज पर)। व्यक्तिगत संपर्क से बचने के लिए, लोगों को लीजन (Legion) में दान करने या डिजिटल पॉपी ऑनलाइन खरीदने के लिए प्रोत्साहित करें।

यदि आप व्यक्तिगत तौर पर पॉपीज बेचने का चयन करते हैं:

- मास्क पहनें या चेहरा ढकें;
- अपने पास हैंड सैनिटाइज़र रखें और नियमित रूप से इसका प्रयोग करें;
- नकदी हाथ में लेने के बाद हर बार अपने हाथ धोएं या सैनिटाइज़ करें; और
- यदि आपको कोविड-19 से गंभीर बीमारी का अधिक जोखिम है, यदि आपकी आयु 70 वर्ष या इससे अधिक है, इम्युन सिस्टम बेहद कमज़ोर है या बुनियादी मेडिकल स्थितियां हैं, तो बिक्री करने पर विचार न करें।

इस बारे में और जानकारी के लिए कि खुद को और प्रियजनों को सुरक्षित कैसे रखा जाए, peelregion.ca/coronavirus/ पर जाएं या रीजन ऑफ पील को, Twitter, Facebook, और Instagram पर फॉलो करें।

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca